## खबर संक्षेप

### पेड़ में लटकता मिला युवक का शव

**उमरियापान।** उमरियापान थाना क्षेत्र के कछारगांव छोटा में शान्तिधाम के पास पेड़ पर फांसी से लटकते हुए एक युवक की लाश मिली। शुक्रवार को युवक की पहचान गांव के मंजीत पिता चंद्रभान लोधी 30 रूप में हुई। पुलिस ने उमरियापान अस्पताल में शव परीक्षण कराकर लाश परिजनों को सौंप दिया। उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि कछारगांव छोटा में गुरुवार देरशाम शान्तिधाम के पास पेड़ से लटकती हुई एक युवक की लाश मिली है। लाश से बदबू आ रही है, जिससे शव दो दिन पुराना प्रतीत होता है। बारिश के दौरान पुलिस ने युवक के शव को फंदे से उतारा और कार्रवाई शुरू की। पुलिस की पतासाजी में युवक मंजीत गांव का ही निकला, जो पेट दर्द से परेशान था। बीते तीन दिन पहले दवाई कराने विलासपुर जाने कहकर घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

### लैपटाप चोरी करने के आरोपित को पकड़ा

**कटनी।** प्लेट फार्म व चलित ट्रेनो, आउटरों मे यात्रियों के साथ हो रही चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम एवं पतारसी हेतु जीआरपी थाना कटनी में गठित टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी जीआरपी कटनी निरी. एल.पी. कश्यप द्वारा किया जा रहा है। दिनांक 17.7.25 को फरियादी विथियानाथम एआर पिता अरुमुग्म 32 साल निवासी आदित्यपुर जमशेदपुर झारखण्ड का ट्रेन क्र. 18477 उत्कल एक्सप्रेस से कोच नं. B/1 सीट नं. 61 पर यात्रा कर रहा था यात्रा दौरान लैपटाप बैग बैग के अंदर HP कंपनी का लैपटाप जिसका सीरियल नं. 5CG 1421 BDS था। चोरी होने की सूचना पर अप.क्र.- 854/25 धारा 305 (सी) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना की गयी। दौरान विवेचना 18.7.25 को आरोपी दीपक अहिरवार पिता कृष्णा उर्फ किशन अहिरवार 25 साल निवासी रामघाट मोहल्ला बार्ड नं. 10 शाहगढ़ थाना शाहगढ़ जिला सागर के कब्जे से चोरी गया एक पिट्टू बैग जिसके उपर एचपी कंपनी का टैग लगा जिसके अंदर एक सिल्वर कलर का लैपटाप एचपी कंपनी का जिसका माडल क्र. 5CG 1421 BDS कीमती 90000 रूपए का मशरुका जप्त कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### जिले में अब तक 604.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शुक्रवार 18 जुलाई तक कुल 604.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 767.1 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 188.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 221.6 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख हर्षवर्धन रामटेके ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 624.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 767.1 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 502 मिलीमीटर, बरही तहसील में 468 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 603.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 558.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 767 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 546.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### निःशुल्क साइकिल वितरित

**कटनी।** राज्य शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत शुक्रवार को शासकीय हाई स्कूल मझगवां फाटक में सरपंच संतोष निषाद के मुख्य आतिथ्य में छात्र-छात्राओं को समारोह पूर्वक साइकिल वितरित की गई। आयोजित कार्यक्रम के दौरान सरपंच श्री निषाद द्वारा कक्षा नवमीं में पढ़ने वाले कुल 42 छात्र-छात्राओं को साइकिल की चाबी प्रदान की गई। साइकिल पाकर छात्र–छात्रा खुशी से झूम उठे।

## निवार चौकी क्षेत्र में हुई थी घटना, भोपाल व सीहोर से पकड़े गए आरोपित

# 4 लाख का सोना बरामद, चोर एवं सुनार को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



माधवनगर थाना की निवार चौकी क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के मामले में पुलिस ने चोर सहित सुनार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करीब 4 लाख रूपए की सोना भी बरामद किया है। पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी सचिन पारधी को भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है। चोरी के गहने खरीदने व उन्हें गलाने वाले सुनार कमल सोनी को भी जिला सीहोर के आष्टा से दबोचा गया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### जेवरात व नकदी की थी चोरी

पुलिस के मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पहाड़ी निवार निवासी धर्मराज गोस्वामी ने 26 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे किसी काम से घर से बाहर थे और बेटी सबिता भी कटनी गई थी। इसी दौरान अज्ञात चोर ने घर में घुसकर अलमारी और पेटी तोड़कर सोने-चांदी के जेवर व नकदी चुरा ली थी। मामले में थाना माधवनगर में अपराध क्रमांक 580/25 धारा 331(3), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### 44 ग्राम सोना बरामद

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में एफएसएल टीम व साइबर सेल की सहायता से घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए गए। जांच के आधार पर आरोपी की पहचान भोपाल निवासी सचिन पारधी के रूप में हुई। उसे गिरफ्तार कर पूछताछ में उसने चोरी की बात कबूल की और बताया कि चोरी के जेवर कमल सोनी, निवासी आष्टा जिला सीहोर को बेचे हैं। कमल सोनी को भी पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया, जिसने चोरी के जेवरात गलाने की बात स्वीकारी। पुलिस ने उसके पास से 44 ग्राम गला हुआ सोना बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख रूपए है। कमल सोनी को साक्ष्य मिटाने और चोरी का माल खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। घटना में सचिन पारधी का एक साथी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। उल्लेखनीय है कि सचिन पारधी के विरुद्ध भोपाल व अन्य जिलों में भी नकबजनी के कई प्रकरण दर्ज हैं।

गिरफ्तार आरोपी मे सचिन पारधी 32 वर्ष निवासी अहसान नगर भोपाल। कमल सोनी 60 वर्ष निवासी शास्त्री कॉलोनी आष्टा जिला सीहोर को गिरफ्तार किया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, चौकी प्रभारी निवार नेहा मौर्य, खितौली प्रभारी किशोर द्विवेदी, खिरहनी प्रभारी महेन्द्र जायसवाल, आरक्षक अरविन्द कुशवाहा, सुभाष यादव, फिंगरप्रिंट प्रभारी अखिलेश प्यासी और साइबर सेल के रूपेन्द्र राजपूत, अजय शंकर, सतेन्द्र सिंह की प्रमुख भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने पुलिस टीम के उत्कृष्ट कार्य के लिए नकद इनाम देने की घोषणा की है।



# शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 27 मरीज किये चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 68 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 27 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित किये गये। सभी चिन्हित मरीजों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण डॉ. शैफाली गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक संदीप जायसवाल ने शिविर स्थल पर पहुँचकर मरीजों का हालचाल जाना एवं ट्रस्ट द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. विकास गुप्ता एवं डॉ. शैफाली गुप्ता ने विधायक जी को ट्रस्ट की गतिविधियों से अवगत कराया।

मरीजों के परिवहन में आ रही समस्याओं को देखते हुए ट्रस्ट द्वारा विधायक निधि से वाहन प्रदाय किये जाने का अनुरोध किया गया, जिसे विधायक श्री जायसवाल ने सहर्ष स्वीकार करते हुए वाहन प्रदान कराने का आश्वासन दिया।

शिविर में सभी मरीजों को निःशुल्क आवश्यक दवाइयाँ एवं काले चश्मे भी वितरित किए गए। इस शिविर में कटनी जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से नेत्र रोगी शामिल हुए। शिविर के सफल आयोजन में जी.जी. नर्सिंग होम की समर्पित टीम का विशेष योगदान रहा। गौरतलब है कि डॉ. गीता गुप्ता चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 1 जुलाई से ग्राम लखापतेरी (कटनी-जबलपुर रोड) में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क नेत्र परीक्षण केन्द्र संचालित किया जा रहा है, जहाँ मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध है।

## कलेक्टर ने जनसंवाद कार्यक्रम में 82 ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

# स्कूल की बाउंड्रीवाल बनाने एवं जर्जर विद्युत लाइन को दुरूस्त कराने मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में शुक्रवार को आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में 82 ग्रामीणों की समस्याषयें सुनी गईं। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत एवं एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल ने ग्रामीणों की शिकायतों और समस्यारओं की जानकारी ली। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद रहे।

लोकसुनवाई के दौरान जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की अध्यपक्ष सुनीता दुबे ने शासकीय उच्चतर माध्यौमिक विद्यालय पहरूआ में मुख्य‍ मार्ग की ओर बाउंड्रीवाल बनाये जाने हेतु आवेदन देते हुये बताया कि शाला की तीनों तरफ से बाउंड्रीवाल बनकर पूर्ण हो चुकी है। परंतु, मुख्यन मार्ग की ओर बाउंड्रीवाल का कार्य अपूर्ण है जिससे विद्यालय में असमाजाकि तत्वों। का आना जाना लगा रहता है। इस पर सीईओ श्री गेमावत ने डीईओ को इसका परीक्षण कर आवश्यनक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### स्वीयकृत कार्य पूर्ण करायें

ग्राम पंचायत नेगई के सरपंच ने आवेदन देते हुये बताया कि ग्राम नेगई में जल जीवन मिशन के तहत स्वीककृत कार्य के अंतर्गत ठेकेदार द्वारा पाइप लाईन डालने का कार्य किया जा रहा है। परंतु, 3 वर्ष में यह कार्य अभी आधा ही हो सका है। इस वजह से पुरानी लाईन चलाने में परेशानी हो रही है। इसलिये यह कार्य पूर्ण कराया जाये। इस पर सीईओ श्री गेमावत ने पीएचई विभाग को कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

### जर्जर लाइन दुरूस्त करायें

लोक सुनवाई के दौरान ग्राम मुखास से अमृत सिंह, निरंजन सिंह, उमेश सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में विद्युत लाइन पूरी तरह से जर्जर एवं खराब हो चुकी है। जिससे बिजली की समस्याा आये दिन बनी रहती है। साथ ही करंट लगने का डर भी बना रहता है। इस पर बिजली विभाग को इस समस्यां के निराकरण के निर्देश दिये गए।

### खुले कुओं को बंद करायें

ग्राम पंचायत सिंलौड़ी के ग्रामीणों ने आवेदन देते हुये बताया कि गांव में खुले कुओं को बंद नहीं कराये जाने की वजह से लगातार दुर्घटनायें होती रहती है। इन कुओं को बंद कराया जाये। इस पर सीईओ श्री गेमावत ने जनपद पंचायत के सीईओ को नियमानुसार कार्यवाही कर शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए।

## संयुक्त संचालक ने आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण



महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक ऊषा सोलंकी ने तिहारी आँगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। संयुक्त संचालक ने कुपोषित का रिकॉर्ड उनकी सामान्य स्तर तक आने की ट्रैकिंग देखी। टीएचआर की खाली बोरी से बने बच्चों के बैग की सराहना की। बच्चों से गीत कविता सुना , जिसे उन्होंने जिला स्तर पर नर्सरी से बेहतर बताया। सीएसआर से हुई पेंटिंग और उपलब्ध संसाधन की प्रशंसा की। संयुक्त संचालक ने इस केंद्र और ऐसे ही श्रेष्ठ कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं को लीडर बनाकर अन्य केंद्रों का स्तर भी और ऊंचा उठाने हेतु परियोजना अधिकारी सतीश पटेल को निर्देशित किया।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में 10 विद्यालयों के 150 विद्यार्थियों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



डीपीएस कटनी में ब्लॉक स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । टूर्नामेंट का प्रारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीपप्रज्ज्वलन कर किया गया। इस शुभ कार्य में विद्यालय की प्राचार्या सीमा दुबे एवं उपप्राचार्या शबनम अख्तर की उपस्थिति गरिमापूर्ण थी । प्रतियोगिता में कुल 10 विद्यालयों के 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । इसके अंतर्गत सेंट पॉल झिंझरी सेंट पॉल सिविल लाइन कटनी, जे.पी.वी . डी.ए.वी. कटनी , डी.ए.वी. कैल्डरीज, शासकीय स्कूल देवरा, अनामिका अकेडमी ,सेंट्रल पब्लिक स्कूल ,साइना इंटरनेशनल , संदीपनी एकेडमी एवं डीपीएस कटनी के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के दौरान एक से बढ़कर एक लीग मुकाबले देखने को मिले । जहाँ बच्चों ने विभिन्न एज कैटेगरी में अपने खेल से वहाँ मौजूद दर्शकों का दिल जीत लिया। कोई भी मुकाबला ऐसा नहीं था जिसे देखकर यह अनुमान लगाया जा सके कि कौन सा प्रतिभागी विजयी होगा। टूर्नामेंट का सफल संचालन करवाने में डीपीएस के खेल प्रशिक्षक रजत चतर जैन सर एवं उनके अन्य सहयोगियों का योगदान था।

डीपीएस की प्रबंध निदेशिका श्रीमती जूही जैन जी ने अपने संदेश में डीपीएस एवं सभी विद्यालयों से आए प्रतिभागियों को उनकी अग्रिम सफलता की शुभकामनाएँ दीं।

## तेवरी में लहलहा रही मक्के की फसल, किसानों दी जानकारी

# मक्के की फसल का कृषि विभाग के संयुक्त संचालक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



किसान कल्याण व कृषि विभाग जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक के एस नेताम ने मक्के की फसल का जायजा लेने तेवरी पहुँचे जहां खेतो में जाकर लहलहा रही मक्के की फसल को देख किसानों से चर्चा की।साथ ही किसानों को खेती को लाभ का धंधा बनाने पर जोर दिया। फसल के संबंध मे किसानों से जानकारी ली कृषक गोकुल कुशवाहा, घनश्याम कुशवाहा, मुरली कुशवाहा, मुश्कीलाल कुशवाहा ने बताया कि तेवरी मक्के की फसल को लेकर देश सहित विदेशों में जाना जाता है।हालांकि इस बार पहली बार कृषि विभाग के अधिकारियों के निर्देशन में रासायनिक खाद को छोड़ नैनो उर्वरक(तरल) का उपयोग किया गया है।जिससे मक्के की फसल को लाभ हुआ है।जिससे खेतो में फसल लहलहा रही है। पहली बार डीएपी दानेदार के स्थान पर नैनो डीएपी तरल का प्रयोग 150 कृषकों ने 150 एकड़ पर किया। नैनो डीएपी 5 मिली.प्रति किलोग्राम मक्का बीज को बोवनी के समय किया गया।जिससे फसल का अंकुरण बेहतर होने के साथ ,स्वीटकार्न की फसल बहुत अच्छी है। स्वाद भी अच्छा है। क्षेत्र के किसानों की जीवकोपार्जन का साधन मक्के की फसल है। मक्के निकलना शुरू हो गया, राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मैं दुकाने लगाकर व्यापार करने लगें है। साथ ही देश के हर राज्यो में निर्यात किया जा रहा है।किसानों की बातों को सुन संयुक्त संचालक ने किसानों के साथ स्थानीय कृषि विभाग के अधिकारियों को बधाई दी।कहा कि खेती को लाभ का धंधा बनाना है। खेती से आमदनी दोगुनी इस पध्दति पर ही कार्य करना है।

इसलिए किसानों को नई तकनीक से कृषि कार्य करवाये। संयुक्त संचालक ने कहा कि नैनो उर्वरक(तरल)का ही उपयोग करें क्योंकि रासायनिक खाद के प्रयोग से जमीन उपजाऊ नही होगी। कृषि उत्पादन प्रभावित होता है ।कृषि विभाग के एसएडीओ आर के चतुर्वेदी ने बताया की इस वर्ष स्वीटकार्न 150 हैक्टेयर व हाइब्रिड 650 हैक्टेयर मैं बोवनी हुई है।

## महापौर एवं निगम पार्षदों की मौजूदगी में समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

# जल भराव वाले क्षेत्रों से सर्वोच्च प्राथमिकता से पानी की निकासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



अतिवर्षा के दौरान नगर के जिन-जिन स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन रही है, यदि उन स्थानों पर पक्के नाले की व्यवस्था नहीं है तो अस्थाई नाली-नाले बनाकर जल निकासी कराएं। साथ ही जरूरत के मुताबिक पंप लगाकर भी वर्षा जल के निकास की व्यवस्था कराई जाए। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने यह निर्देश शुक्रवार को निगम पार्षदों की मौजूदगी में आयोजित स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से सुचारू सफाई व्यवस्था सहित जल निकासी के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दिए दिये। उन्होंने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए इसके साथ ही नगर के खुले चेंबरों में ढक्कन लगाने और जलभराव वाले स्थलों के नालों नालियों तथा सीवर लाइन की सफाई कराने पर भी विशेष जोर दिया।

बैठक के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, सुरेन्द्र गुप्ता, गोविंद चावला, श्रीमती बीना बैनर्जी, तुलसा गुलाब बेन सहित विभिन्न वार्डों के पार्षदों एवं स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षकों की मौजूदगी रही। बैठक के प्रारंभ में महापौर श्रीमती सूरी नें स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में नगर को मिले उत्कृष्ट स्थान के लिए समस्त पार्षदों सहित अधिकारी कर्मचारियों एवं नागरिकों को बधाई देते हुए आगामी सर्वेक्षण में नगर को 5 स्टार रैंकिंग हेतु निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की बात कही गई। महापौर ने बैठक में उपस्थित वार्ड पार्षदों से उनके वार्डों की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित वार्ड की बसाहटों में जहाँ-जहाँ अतिवर्षा के दौरान जल भराव की स्थिति निर्मित होने वाले स्थानों की जानकारी ली तथा समस्या के निराकरण हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए गए। उन्होंने पार्षदों की शिकायतों एवं सुझावों पर अमल करते हुए जिन स्थानों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही है उसका निराकरण कराने सहित जलभराव वाले संभावित क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की विशेष व्यवस्था कराने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति न बने।

### मिले महत्वपूर्ण सुझाव

बैठक के दौरान उपस्थित पार्षदों द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था एवं जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु निर्माण कार्य के दौरान निकलने वाले मलमें को सार्वजनिक स्थलों एवं नाले- नालियों पर डालने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही करने, छतों से सार्वजनिक मार्ग पर सीधे गिरने वाले वर्षा जल से सार्वजनिक मार्ग के क्षतिग्रस्त होने की संभावना के चलते ऐसे भवन मालिकों को नोटिस जारी करने, मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कराने, आवारा मवेशियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने सहित रेल्वे क्षेत्र की बस्तियों के नाले-नालियों से सुगम जल निकासी की व्यवस्था हेतु रेलवे के अधिकारियों से पत्राचार कर नालों के ऊपर का अतिक्रमण हटाने, नाले नालियों में सुरक्षा की दृष्टि से जालियां लगाने तथा अन्य महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। उक्त सुझावों पर तत्काल अमल करने हेतु महापौर श्रीमती सूरी द्वारा स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया। करने की मांग की गई।

# आदतन अपराधी को हर माह थाना में हाजिरी देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने ग्राम जिर्री थाना ढीमरखेड़ा निवासी योगेन्द्रल यादव पिता गोरेलाल यादव उम्र 27 वर्ष के विरूद्ध मध्यकप्रदेश राज्यट सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री यादव ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्ती प्रतिवेदन के आधार पर की है। योगेन्द्रे यादव के विरूद्ध वर्ष 2021 से अब तक 5 प्रकरण दर्ज किये जा चुके हैं। जो न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें गाली-गलौज करना, जातिगत अपमानित करना, जान से मारने की धमकी देना, अवैध शराब रखना जैसे गंभीर अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा योगेन्द्रे के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्म क कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी की गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ।

### 3 माह तक हाजिरी

योगेन्द्रत द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यादव ने मध्यवप्रदेश राज्य् सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 3 माह तक हर माह पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### शासकीय तिलक कॉलेज में किया गया पौधारोपण

**कटनी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय हरित कोर योजना, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधा रोपण किया गया। यह पौधारोपण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में किया गया। इसके तहत विभिन्न फलदार प्रजातियों जैसे जामुन, अमरूद, नीम, आवलां, हर्रा आदि के पौधे लगाये गये। साथ ही प्राचार्य डॉ. एस. के बाजपेई एवं हरित कोर योजना प्रभारी प्रो. ज्योत्स्ना आठ्या ने पौधों के संरक्षण की शपथ दिलाई। पौधारोपण कार्यक्रम में डॉ. एस.के. खरे, डॉ. हेमलता गर्ग, प्रो.जी एम मुस्तफा, डॉ. रूकमणी प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### महिलाओं के पास से कच्ची शराब जब्त

**कटनी।** एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दाहिया एवं उनकी टीम के द्वारा ग्राम नैगवा में अवैध शराब के ठिकाने पर रेड कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कार्रवाई करते हुए आरोपीय अनरबाई सपेरा के कब्जे से 5 लीटर, आरोपीया रिंकी और प्रीति सपेरा के कब्जे से 5 लीटर एवं आरोपियन पप्पी सपेरा के कब्जे से 5 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कुल 15 लीटर कीमती 6000 की अवैध शराब रखे हुए पकड़ी गयी। उक्त ठिकानों में करीब 15 किलो माहुआ लहान नष्ट किया गया। सभी के विरुद्ध पृथक- पृथक धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया। कार्रवाई में निरीक्षक अखलेश दाहिया, उनि काशिराम झारिया, तेज प्रकाश सिंह, महिला आरक्षक नेहा भट्ट, आरक्षक मनीष, दुर्गेश की अहम भूमिका रही।

### डाकघरों मे आईटी 2.0 एप्लीकेशन का रोलआउट एक डिजिटल परिवर्तन की पहल

**कटनी।** डाक विभाग द्वारा डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा मे बड़ी छलांग लगाते हुये अगली पीढ़ी के APT एप्लीकेशन की शुरुआत की जा रही है। इस परिवर्तनकारी उन्नत प्रणाली को 22 जुलाई से जिले के सभी डाकघरों में लागू किया जाएगा। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित बदलाव को लागू करने के लिए सोमवार 21 जुलाई को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इस दिन डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेनदेन नहीं किया जाएगा। सेवाओं का यह अस्थायी निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉन्फ़िगरेशन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक है, जिससे नई प्रणाली सुचारू रूप से लागू हो सके। APT एप्लीकेशन को बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव, तीव्र सेवा वितरण और अधिक ग्राहक अनुकूल इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो स्मार्ट, कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक संचालन प्रदान करने के लिए डाक विभाग की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डाक संभाग जबलपुर के प्रवर अधीक्षक ने ग्राहकों से अनुरोध करते हुये कहा कि डाकघर संबंधी कार्य 21 जुलाई से पूर्व करवा लें और इस संक्षिप्त व्यवधान के दौरान धैर्य रखें। ग्राहकों को किसी भी असुविधा के लिए खेद है। ये कदम हर नागरिक को बेहतर, तेज़ और अधिक डिजिटल रूप से सशक्त सेवाएँ प्रदान करने के हित में उठाए जा रहे हैं।

### औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया में 76 भूखंडों का होगा ऑनलाईन आवंटन

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले के नवीन औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया (तखला) में उद्योग स्थापित किये जाने हेतु 76 भूखंडो का चयन किया गया है। इन चयनित भूखंडों का आवंटन ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक उद्यमी इस औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध सभी भूखंडो का क्रमांक एवं साईज की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कटनी से संपर्क कर प्राप्तक कर सकते हैं। इसके अलावा विस्तृत जानकारी विभाग के पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

---

संभागायुक्त ने कहा बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए मिशन मोड में कार्य करें

# संभागायुक्त ने विद्यार्थियों के साथ बैठ अध्यापन का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





संभागायुक्त धनजंय सिंह ने कटनी के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय कार्यों और योजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सभी अधिकारी जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विभागीय कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को इनका सीधा लाभ समय पर मिले। इस दौरान कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत एवं अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहे।

संभागायुक्त ने पंचायत ग्रामीण विकास, नगर निगम, शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, बिजली आदि विभागों की विभाग वार समीक्षा की। आईटीआई संस्थानों में नामांकन बढ़ाने हेतु निर्देश दिए गए। स्कूलों में नामांकन और नियमित अध्यापन की समीक्षा की। कलेक्टर कटनी द्वारा अवगत कराया गया कि परिवहन विभाग के माध्यम से स्कूल बसों का सत्यापन, वाहन बीमा, प्रदूषण आदि की जांच सुनिश्चित की जा रही है।

#### पोषण प्रबंधन कार्यशाला एवं समीक्षा

संभागायुक्त धनंजय सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास संयुक्त पोषण प्रबंधन कार्यशाला सह समीक्षा बैठक में मैदानी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अंतर्विभागीय समन्वय से मिशन मोड में बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं में कार्य करें। लापरवाह ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से स्पष्टीकरण हेतु संयुक्त संचालक स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया। संभागायुक्त ने हाई रिस्क गर्भवती माताओं और बच्चों के पोषण मानकों पर अमल करने की हिदायत दी।

उन्होंने पोषण ट्रैकर, संपर्क, एमआईएस और अनमोल व आरसीएस पोर्टल पर विवरणों को समय पर इंट्री तथा फील्ड भ्रमण से पुष्टि करने हेतु निर्देश दिए। मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य विभाग की आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संयुक्त रूप से नियमित भ्रमण करें। संभागायुक्त ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से हितग्राहियों को टेक होम राशन वितरण और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के पंजीयन की समीक्षा भी की।

#### निर्माणाधीन कार्य का किया निरीक्षण

संभागायुक्त श्री सिंह ने झिंझरी में निर्माणाधीन ब्लॉक बी सांदीपनी विद्यालय (सीएम राइज) का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद कार्यपालन यंत्री पीआईयू को निर्धारित मानकों व डिजाइन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण के संबंध में जानकारी ली। मॉनिटरिंग में लापरवाही पर कार्यपालन यंत्री एमके पोनीकर से स्पष्टीकरण हेतु निर्देश दिए गए। संभागायुक्त ने सांदीपनी विद्यालय के कक्षाओं में छात्रों के पठन पाठन का आंकलन किया।संभागायुक्त ने कक्षा 10वीं की विज्ञानकक्षा मे छात्रों के साथ बैठकर अध्यापन कार्य का अवलोकन किया। संभागायुक्त ने मध्यान्ह भोजन कर रहे बच्चों से भोजन की गुणवत्ता एवं समय पर भोजन मिलने की जानकारी ली।

#### औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन और रोजगार सृजन की समीक्षा

संभागायुक्त श्री सिंह ने औद्योगिक इकाईयों और संगठनों के पदाधिकारियों और संचालकों से संवाद कर निवेश प्रोत्साहन और सूक्ष्म लघु उद्योग संवर्धन के संबंध में समीक्षा की। विभागों को उद्योग एवं निवेश प्रोत्साहन हेतु तत्परता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्योग से रोजगार सृजन के अवसर विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम औद्योगिक इकाईयों के लिए महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को निर्देशित किया। अधीक्षण यंत्री एमपीईबी को औद्योगिक इकाईयों की विद्युत संबंधी शिकायतों का निराकरण यथा शीघ्र करने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों द्वारा विकसित औद्योगिक केंद्रों में उद्योगों हेतु भूमि आवंटन और रीजनल कॉन्क्लेव की अनुवर्ती कार्यवाही से अवगत कराया गया।

#### स्वास्थ्य केन्द्र व आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण

संभागायुक्त श्री सिंह ने स्लीमनाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्भवती माताओं के पंजीयन, टीकाकरण सहित अन्य जांचों के संबंध में संधारित अभिलेख का अवलोकन किया और निर्देशित किया कि जानकारी तत्काल पोर्टल में दर्ज की जाए एवं फॉलोअप किया जाए। स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान ओपीडी और स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू उपलब्धता के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। आंगनबाड़ी केन्द्र में उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों के पंजीयन और उपस्थिति की भी जानकारी ली।

---

उमावि में संकुल स्तरीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन

## जाति प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचे अभिभावक अव्यवस्थाओं के बीच दिन भर हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, समग्र आईडी और आधार अपडेट जैसे दस्तावेजों को तैयार कराने के उद्देश्य से उमरियापान शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को संकुल स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक दस्तावेजों के साथ पहुंचे, लेकिन व्यवस्थाओं के अभाव में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

अभिभावकों ने बताया कि शिविर स्थल पर उचित मार्गदर्शन और स्पष्ट प्रक्रिया का अभाव रहा। कई बार अधिकारियों व कर्मचारियों से पूछने के बाद भी उन्हें दस्तावेजों के बारे में पूरी जानकारी नहीं मिल पाई। कुछ मामलों में कागजातों की कमी का हवाला देकर उन्हें लौटाया गया, तो कई अभिभावक फॉर्म भरवाने और सत्यापन के लिए घंटों यहां-वहां भटकते रहे।

#### निरीक्षण में पहुंची एसडीएम

शिविर के दौरान ढीमरखेड़ा एसडीएम निधि गोहल भी निरीक्षण के लिए पहुंचीं। उन्होंने शिविर की गतिविधियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हालांकि, अभिभावकों का कहना है कि निरीक्षण के बावजूद की व्यवस्थाएं सुचारु नहीं हो पाईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर के दौरान कुल 73 जाति प्रमाण पत्र, 5 आय प्रमाण पत्र, 8 समग्र आईडी और 25 आधार अपडेट किए गए। बावजूद इसके, बड़ी संख्या में लोग प्रमाण पत्र नहीं बनवा सके और खाली हाथ लौट गए।

#### अभिभावकों की मांग

अभिभावकों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसे शिविरों का आयोजन बेहतर तैयारी और स्पष्ट सूचना के साथ किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग समय पर और बिना परेशानी के दस्तावेज बनवा सकें। साथ ही आवश्यक दस्तावेजों की सूची पहले ही स्कूलों के माध्यम से अभिभावकों तक पहुंचाई जाए, जिससे वे तैयारी के साथ आएं।

---

## घुमंतु मवेशियों को पकड़ कर भेजा गया कांजी हाउस



कलेक्टर द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुपालन एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर निगम की हांका गेंग के कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को अभियान चलाकर 27 नग घुमंतू गौवंशों को कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि अभियान के तहत गठित दल के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आवंटित क्षेत्रों मिशन चौक, बरगवां, माधवनगर गेट रिलायन्स पेट्रोल पंप से कलेक्ट्रेट कार्यालय होते हुए मित्तल मॉल, बिलहरी मोड़ से पीरबाबा तक सहित नदीपार स्थित चांडक चौक पेट्रोल पंप के पास रविदास चौराहा से इंडिया होटल, कुठला मुख्य मार्ग एवं नगर के अन्य मार्गो के घुमंतु मवेशियों को हांका लगाकर मुख्य मार्गो से अलग करते हुए 27 गौवंशों को झिंझरी स्थित कांजी हाउस एवं अमीरगंज स्थित गोशाला भेजनें की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान जख्मी एवं बीमार पशुओं को पशु चिकित्सालय भेजा जाकर उनके समुचित उपचार की व्यवस्था करते हुए गोशाला में शिफ्ट किया जा रहा है।

---

## 121 विद्यार्थियों को वितरित की साईकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



तहसील स्लीमनाबाद क्षेत्र अंतर्गत शासकीय बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी में मुख्यमंत्री साईकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 6 वी व 9वी में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सत्र 2025-26 की साईकिलो का वितरण किया गया। साईकिल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रणय पांडेय रहे। विधायक के द्वारा तेवरी स्कूल में कक्षा 6 वी व 9 वी के 121 विद्यार्थियों को साईकिल वितरण की। साईकिल पाते ही विद्यार्थियों के चेहरों में मुस्कान आ गई। विद्यार्थियों को पढ़ाई करने स्कूल आने मैं सहूलियत होगी। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें, जिससे उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़े ओर अपने माता -पिता के साथ शिक्षक व गाँव का नाम रोशन करें। सरकार द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। विधायक के द्वारा स्कूल का भी निरीक्षण किया गया जहाँ विद्यालय मै दर्ज संख्या अनुसार अतिरिक्त कक्ष निर्माण का आश्वासन दिया।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, जनपद सदस्य कमलेश सिंघई, सरपंच काजल रजक, बीआरसी प्रशांत मिश्रा, थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया,प्राचार्य मनोज हल्दकार,रोजगार सहायक हिमांशु कुशवाहा, कमलेश रजक, लकी अग्रहरी, रवि दुबे, सुनील गुप्ता, पुरषोत्तम सिंह, दिनेश असाठी,निशांत जैन,अमन असाठी,रामकुमार असाठी, अभय दुबे, अशोक रजक, रामसहाय साहू, संजय जैन सहित स्कूल स्टॉफ व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। विद्युत समस्याओ का प्रमुखता के साथ करें निराकरण -साईकिल वितरण कार्यक्रम उपरांत तेवरी विधायक के साथ ग्रामीणों गणमान्य नागरिकों ने बैठक की।

---

विभागीय अधिकारी बने उदासीन, जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे कोई ध्यान

## स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी से मरीजों को होना पड़ रहा है परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा




वर्षों से बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी एक बड़ी गम्भीर समस्या बनी हुई है। बड़वारा आदिवासी बाहुल्य विधान सभा क्षेत्र है फिर भी बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की नियुक्ति नही की जा रही है। प्रशासन स्तर पर अनदेखी एवं जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते लोग परेशान हैं। बड़वारा जनपद में 106 ग्राम पंचायतें हैं इसके बावजूद बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरन्तर डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हाल में 09 चिकित्सकों के पद खाली पड़े हैं जबकि 01 पद संविदा चिकित्सक का रिक्त है इसके बावजूद भी बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की नियुक्ति नही की जा रही है जिसके कारण बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज करवाने आने वाले मरीजों को समुचित इलाज उपलब्ध नही हो पा रहा है मरीजों को रेफर किया जाना आम बात हो गई है।

गौरतलब है कि बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन इन दिनों होमियोपेथिक चिकित्सक एवम आयुर्वेदिक चिकित्सक के माध्यम से किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में लम्बे अरसे से महिला चिकित्सक की आवश्यकता बनी हुई है जो आज तक पूरी नहीं कि गई। स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में प्रसव करबाने आने वाली महिलाओं को प्रसव करवाने में जटिलता आने पर जिला अस्पताल प्रसव करबाने जाने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

ऑपरेशन थियेटर एवम सोनोग्राफी सेंटर की दरकार

बड़वारा में अनेक ग्रामों के मरीज इलाज करवाने आते हैं, विभिन्न ग्रामों की महिलाएं प्रसव करबाने आती हैं प्रसव केस में विपरीत स्थिति बनने पर महिलाओं को सोनोग्राफी व ऑपरेशन करबाने की आवश्यकता होने पर जिला अस्पताल रेफर किया जाता है यदि बड़वारा में सोनोग्राफी व ऑपरेशन थियेटर की सुविधा उपलब्ध करवा दी जाए तो महिलाओं का प्रसव आसानी से किया जा सकता है तथा महिलाओं के धन व समय की बचत भी हो सकती है। स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक व अन्य चिकित्सकों की नियुक्ति करवाये जाने तथा सोनोग्राफी मशीन व ऑपरेशन थियेटर बनवाये जाने की मांग की है।

---

भारतीय मजदूर संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप जांच कार्यवाही की मांग

## श्रम कानूनों का पालन नहीं होने से श्रमिकों का शोषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भारतीय मजदूर संघ द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के माध्यम से श्रम कानूनों का पालन नहीं होने पर जांच कर यथोचित कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि विगत कई वर्षों से श्रम पदाधिकारी जिले में पदस्थ हैं किंतु इनके भ्रष्ट आचरण के चलते, श्रमिकों का शोषण बढता ही जा रहा है। उद्योगपतियों को श्रमिकों के शोषण की इस कदर खुली छूट मिली हुई है कि कोई भी श्रमिक श्रम कार्यालय आना ही नहीं चाह रहा है। अन्य सुविधाएँ तो दूर की बात, सरकारी दर से निर्धारित वेतन भुगतान की आवाज उठाने वाले मज़दूर को, बेख़ौफ़ होकर काम से निकाल दिया जाता है और उसकी सुनवाई तक नहीं होती बल्कि इसकी आड़ में मोटी रकम बसूल ली जाती है।

जिले में संचालित विभिन्न उद्योगों में इस प्रकार की विसंगतियों को लेकर,संगठन ने जिला श्रम पदाधिकारी को कई बार पत्र प्रेषित किया, वार्तालाप की किन्तु कोई निदान नहीं हुआ। जिले में संचालित निम्नलिखित उद्योगों में,बहुत बड़ी संख्या में मज़दूर कार्यरत हैं लेकिन आज तक इनकी जाँच तक नहीं की गई और यदि की भी गई है तो महज औपचारिकता की गई है। आपसे निवेदन है कि एक जाँच कमेटी गठित कर, निम्लिखित उद्योगों की जाँच कर,श्रमिकों को लाभ पहुँचाने का कष्ट करें।

संस्थानों में श्रम कानूनों को ईमानदारी के साथ लागू करने की संगठन माँग करता है। संस्थानों में कार्यरत सभी मजदूरों की श्रेणी निर्धारित (उच्च कुशल, कुशल, अर्द्ध कुशल, अकुशल) कर ,सरकारी के द्वारा घोषित दर को लागू कराया जाए। संस्थानों के अधिकांश श्रमिकों को वेतन भुगतान नगद राशि के रूप में किया जाता है। श्रमिकों का वेतन उनके खाते में दिया जाए। संस्थानों के श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाए जो कि इन्हें आज तक प्राप्त नहीं हुई।

जिले के उक्त संस्थान 20 वर्षों से भी अधिक समय से संचालित हैं,जिनमें वर्षों से श्रमिक कार्यरत हैं। इन श्रमिकों को बोनस, ग्रेच्यूटी, पीएफ, ईएसआईसी का कोई भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसे लागू करवाया जाए।

जिला श्रम पदाधिकारी बी०के० अपने सगे संबंधी व्ही०के० मिश्रा (15 वर्षों तक जिले में पदस्थ रहे रिटायर्ड लेबर इंस्पेक्टर) के साथ मिलकर ,उद्योगों का भ्रमण करते हैं जबकि यह काम कार्यालय में पदस्थ अन्य लेबर इंस्पेक्टर्स का है, जिनकी संख्या भी पर्याप्त है। व्ही०के० मिश्रा (रिटायर्ड लेबर इंस्पेक्टर) को श्रम कार्यालय में आते जाते आये दिन देखा जाता है जो बहुत सारी विसंगतियों की ओर इंगित करता है। आशा है उक्त समस्याओं का आप शीघ्रता से निराकरण करने का कष्ट करेंगे।

ज्ञापन सौंपते समय भारतीय मज़दूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल,बीएमएस जिला मंत्री विनोद पटेल,जिलाध्यक्ष सुरेश राठौर एवं बृजबिहारी पटेल की उपस्थिति रही।

---

## पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 18 जुलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग, जिला पुरातत्वज पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्ता तत्वाधान में 1 अगस्त से शुरू होने वाले जिला स्तारीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन पंजीयन अंतिम तिथि 18 जुलाई है।

इस क्विज का आयोजन सभी शासकीय, अशासकीय, केन्द्री य एवं नवोदय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक विद्यार्थियों को प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपरा, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधता, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूष एवं पर्यटन महत्वि की संभावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यधम से जागरूक करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

**1 अगस्त को होगी लिखित परीक्षा, 6 टीमें खेलेंगी क्विज**

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रत्येक स्कूल की टीम में तीन विद्यार्थी शामिल होंगे।

1 अगस्तु को लिखित परीक्षा होगी। इसमें चयनित 6 टीमें मल्टीमीडिया क्विज खेलेगी जो कि कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर क्विज मास्ट्र द्वारा कराई जायेगी। वहीं पर्यटन प्रभारी कमलेश सैनी, जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह एवं क्विज मास्टशर डॉ. सचिन श्रीवास्तिव ने बताया कि मल्टी मीडिया क्विज में भाग लेने वाली सभी 6 टीमों को पर्यटन विभाग की ओर से मध्य प्रदेश के पर्यटक स्थिल में घूमने का मौका मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा का लोगों जारी

**पन्ना।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा 1098 का लोगो जारी किया गया है। 24 घंटे एवं 7 दिवस संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर आवश्यक सेवा व सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### सोमवार को डाक सेवाएं अस्थाई रूप से निलंबित

**पन्ना।** अधीक्षक डाकघर सतना संभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि सोमवार, 21 जुलाई को आईटी 2.0 एप्लीकेशन के रोलआउट के कारण डाक सेवाएं अस्थाई रुप से निलंबित रहेंगी। डाक विभाग द्वारा एप्लीकेशन के निर्बाध और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इस दिन सभी डाकघर में कोई सार्वजनिक लेन-देन नहीं होगा। यह अस्थाई सेवा निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और आवश्यक कॉन्फिगरेशन प्रक्रियाओं को निष्पादित करने के लिए आवश्यक है, जिससे नई प्रणाली को प्रभावी व सुचारू रूप से लागू किया जा सके। उल्लेखनीय है कि डाक विभाग द्वारा अगली पीढ़ी की एपीटी एप्लीकेशन की शुरूआत की जा रही है। इस परिवर्तनकारी पहल के तहत उन्नत प्रणाली को पन्ना जिले के सभी डाकघरों में 22 जुलाई 2025 से लागू किया जाएगा। अधीक्षक प्रदीप कुमार खरे ने असुविधा से बचने के लिए समस्त ग्राहकों से डाकघर संबंधी आवश्यक कार्य पूर्व में ही निपटाने का आग्रह किया है।

### हीरा खरीद धोखाधड़ी मामले में न्यायिक जांच की मांग

**करणी सेना परिवार ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

**पन्ना।** हरदा जिले में हीरा खरीद धोखाधड़ी प्रकरण को लेकर करणी सेना परिवार ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि लगभग एक वर्ष पूर्व हीरा खरीद से संबंधित एक बड़ा धोखाधड़ी मामला सामने आया था, जिसमें पीड़ति आशीष राजपूत द्वारा थाने में मोहित और उमेश नामक व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी।

### खपरैल छत से टपक रहा है पानी, लेखा जोखा की फाइलें प्रभावित

# विकासखंड शिक्षा अधिकारी भवन जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





हटा मुख्यालय पर आधा दर्जन से अधिक ऐसे सरकारी भवनों में सरकारी कार्यालय चल रहे हैं, जो गिरने के कगार पर हैं। इस हाल में यहां काम करने वाले कर्मचारियों में भय का माहौल व्याप्त है, वहीं संबंधित विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जर्जर हो चुके इन सरकारी भवनों को जमींदोज करने की दिशा में स्थानीय प्रशासन द्वारा कदम नहीं उठाया जा रहा है। जबकि यह भवन कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। इस मुद्दे पर नगर के लोग कई बार प्रशासनिक अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों को भी कह चुके है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के चलते वे सालों बाद भी यह भवन तुड़वाए नहीं गए हैं। सबसे अधिक पेरशानी यहां काम करने वाले कर्मचारियों को तब होती है जब बारिश होती है। क्योंकि हमेशा इन भवनों से पानी रिसने के साथ दीवारें झड़ती रहती हैं। बावजूद इसके इन भवनों को जमींदोज नहीं कराया जा रहा है। जिसमें से एक शिक्षा विभाग का एकमात्र बीईओ कार्यालय अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। जिस कार्यालय से संपूर्ण विकास खंड के शिक्षकों का लेखा-जोखा रखा जाता है। उस कार्यालय में अत्यधिक पानी टपकने से शिक्षकों के सर्विस रिकॉर्ड फंड की जानकारियां पानी एवं नमी से बर्बाद होने की स्थिति में आ चुकी है। जिन्हें पॉलिथीन ढाकर सुरक्षित रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कार्यालय में रखें कंप्यूटर, अलमारियां, फर्नीचर भी पानी से खराब हो रहे हैं। भवन के अंदर बनी नमी के कारण कई फाइलों के दस्तावेज बेकार होते जा रहे हैं। इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो विकासखंड के सैकड़ों शिक्षकों को अपने रिकॉर्ड संधारित करने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

दरअसल विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जो नवीन हाई स्कूल के पीछे अति प्राचीन अंग्रेजी शासन का जीर्ण शीर्ण जर्जर भवन मैं विगत कई वर्षों से संचालित किया जा रहा है जिसमें अत्यधिक पानी टपक रहा है। जिसको रोकने के लिए कर्मचारियों द्वारा पॉलिथीन लगाकर पूरे स्लेप का पानी बरसाती डालकर बचाव कर रहे हैं। अत्यधिक पानी टपकने के कारण भवन के अंदर रखें सभी दस्तावेज अलमारियां कंप्यूटर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। जिसे बचाने के लिए पन्नी ढाक कर रखा जा रहा है। बरसात के मौसम में यहां जहरीले जीव जंतु भी ज्यादा निकलते हैं जिससे कार्यालय में बैठने में डर भी बना रहता है भवन की दुर्दशा को देखते हुए नया भवन निर्माण की मांग अधिकारी द्वारा की गई है। जबकि जो शासकीय कार्यालय की भवन अति प्राचीन जर्जर अवस्था में है उन्हें गिराने की कार्यवाही की आदेश जिला कलेक्टर द्वारा जारी किए गए। लेकिन आप देखना होगा कि हटा के इस प्रकार खंडहर कार्यालय नए भवन में कब तक तब्दील हो पाते हैं। विकास खंड शिक्षा अधिकारी बीएल बिदौलया ने बताया कि नए भवन की स्वीकृति के लिए विभाग को लिखा गया है। बीईओ हटा कार्यालय के लिए भवन की अत्यंत आवश्यकता है। भवन निर्माण के लिए शिक्षा विभाग के पास पर्याप्त भूमि भी उपलब्ध है। जिसका उपयोग कर सर्व सुविधा युक्त भवन निर्माण कराया जा सकता है। लेकिन जब तक बीईओ का भवन नहीं बनता तब तक कहीं किसी शासकीय भवन में संचालित किए जाने की मांग की गई।

**क्या कहते है बीईओ**

हमारे कार्यालय की स्थिति अत्यधिक जर्जर है पानी बहुत ज्यादा टपक रहा है। हमने नई बिल्डिंग के लिए प्रस्ताव जिला कार्यालय को भेजा है। नए भवन की आवश्यकता है।

**बीएल बिदौलया, बीईओ हटा**

# पीएम आवास योजना को लेकर हितग्राहियों में भारी आक्रोश

### 12 सौ हितग्राहियों मे से मात्र 20 के नाम नपा ने कलेक्टर को भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

नगर परिषद हिंडोरिया के माध्यम से संचालित पीएम आवास योजना 0.2 के क्रियान्वयन को लेकर योजना के पात्र हितग्राहियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। नगर में पीएम आवास योजना के तहत 1200 से भी अधिक पात्र हितग्राहियों ने अपने आवेदन विधिवत ऑनलाइन भरे थे। जिसमे लगभग 6-7 सौ हितग्राहियों व्दारा अपने आवेदनों की हार्ट कापी नपा कार्यालय में जमा की जा चुकी है। इन 12 सौ मे से मात्र 20 लोगों को पात्र मानते हुए नपा सीएमओ एवं उपयंत्री व्दारा सूची अनुमोदित कर मनमाने ढंग से कलेक्टर दमोह की ओर प्रेषित कर दी गई है। इस कारण हितग्राहियों एवं नपा के पार्षदों में भारी आक्रोश इस समय देखा जा रहा है। नपा के सीएमओ गजेन्द्र सिंह एवं उप यंत्री बबली राही विगत कई दिनों से नपा कार्यालय नहीं आ रहे हैं। और ना ही किसी का फोन उठा रहे है। परिणाम स्वरूप हितग्राहियों को नित्य जाबेजा भटकना पड़ रहा है।

इस संबंध में एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने बताया कि इसके पूर्व वर्ष 2018 मे नपा कार्यालय मे जमा हुये नगर के लगभग 1500 पीएम आवास योजना के हितग्राहियों का कलेक्टर के आदेश पर नपा एवं राजस्व प्रशासन के माध्यम से तीन-तीन बार से अधिक टीमें बनाकर भौतिक सत्यापन कराया गया। इतनी सारी प्रक्रियाओं के पालन के बाद अंततः वे सारे आवेदन बिना हितग्राही को संतुष्ट किये निरस्त कर दिए गये। इस तरह लोगों का समय और पैसा बरबाद कर दिया गया। अब एक बार फिर नगर में पीएम आवास योजना 0.2 के क्रियान्वयन के दौरान नगर के हितग्राहियों ने बडे. विश्वास से अपना अमूल्य समय, पैसा सब कुछ पुनः बर्बाद करके अपने ऑनलाइन फॉर्म भरे। लेकिन इस बार भी नतीजा सिपर रहा। क्योंकि नगर परिषद हिंडोरिया ने इस बार लगभग 20 लोगों के नाम ही योजना के लिए पात्र पाते हुए उनकी सूची कलेक्टर दमोह की ओर प्रेषित कर दी है। श्री खाने ने सूत्रो से मिली जानकारी के आधार पर बताया कि आगामी दिनों में संभवतः 70-80 नाम और अनुमोदित कर नपा कलेक्टर की ओर भेज सकती है।

ज्ञात हुआ है कि नपा ने शायद उन्हीं नामों को फाइनल किया है जिनके पास मकान की भूमि की रजिस्ट्री, डायवर्सन या राजस्व विभाग व्दारा जारी पटटा है। नगर में रजिस्ट्री शुदा जमीन सिर्फ बड़े लोगों के पास है। याने गरीब एवं जरूरतमंद फिर से वंचित कर दिये गये हैं। क्योंकि नगर में अधिकांश पात्र हितग्राहियों के पास मात्र मकान टैक्स की रसीदें एवं स्टाम्प आधारित दानपत्र या लिखा पडी. आदि दस्तावेज ही उपलब्ध है। हितग्राहियों ने शासन- प्रशासन से पीएम आवास योजना की वर्तमान जटिल नियमावली में व्यवहारिक बदलाव कर इसे गरीब एवं वंचित हितैषी बनाकर लागू करने की मांग की है।

## स्वास्थ्य और पोषण के लिए ग्राम वासियों का संकल्प

**बनवार।** ग्राम खमरिया में सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य और पोषण जैसे अहम विषयों पर चर्चा की गई। इस बैठक में महिलाओं और पुरुषों ने मिलकर भाग लिया और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। बैठक में स्वास्थ्य और पोषण पर चर्चा की गई, जिसमें महिलाओं और पुरुषों ने अपने विचार साझा किए। महिलाओं ने मंच पर प्रस्तुतीकरण दिया गया और अपने अनुभवों को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया। इस बैठक में सरपंच देवी सिंह लोधी, सचिव अनूप जैन, शिक्षक जगन्नाथ विश्वकर्मा और नेहा विश्वकर्मा, आशा कार्यकर्ता श्रिवेनी अहिरवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कल्लो लोधी और स्व-सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे। इस बैठक ने ग्रामवासियों को स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया।

# स्कूल में पाम ट्री का किया रोपण



**दमोह।** एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत पौधरोपण अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर पूरे देश में चल रहा हैं, इसी कार्यक्रम में यहाँ एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम में शामिल होने आए, यह मेरा पुराना स्कूल है, मैं यहीं से 6वीं से लेकर 11वीं तक पढ़ा हूँ तो ऐसे समय आया जब यहाँ प्रार्थना चल रही थी तो उसमें शामिल होने का भी अवसर मिला, पुराने दिन सारे याद आ गए, जिन कमरों में बैठते थे वह भी याद आ गए, जिन-जिन शिक्षकों ने पढ़ाया वह सारी बातें एक रील की तरह रिवर्स में चली गई तो बहुत अच्छा भी लग रहा है और पुराने याद आने से पुराने दोस्तों को भी याद आ गई, मैं प्रिन्सिपल सर और सभी स्टाफ का धन्यवाद करना चाहता हूँ। इस आशय के उद्गार उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में आयोजित एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य आरपी पटेल, शिक्षकगण और संस्था छात्र-छात्राए मौजूद रहे। राज्यमंत्री श्री पटेल ने उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में पाम का ट्री का किया पौधरोपित।

# बच्चों की सेहत को लेकर देंग घर घर दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. आर. बागरी के निर्देशानुसार आज समस्त आशा सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ताओ को दिनांक 22 जुलाई 2025 से 16 सितंबर 2025 तक आयोजित होने वाले दस्तक अभियान के सम्बन्ध में बी सी एम ममता गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें दस्तक अभियान के दौरान विकासखंड पटेरा के 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को दस्तक अभियान अंतर्गत विकासखंड के लक्षित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को विटामिन ए का अनुपूरण कराने एवं सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सी एच ओ, ANM आशा कार्यकर्ता, आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम के माध्यम से किया जायेगा। टीकाकरण से छूटे बच्चों का टीकाकरण, गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान, बाल्यकालीन निमोनिया व डायरिया की त्वरित पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल, समुदाय को समुचित शिशु एवं बाल आहारपूर्ति सबंधी समझाईश देना, स्तनपान के सम्बन्ध में परामर्श, जन्मजात विकृति, श्रवण बाधिता, एनिमिया, कुपोषण आदि का चिन्हाँकन एवं प्रबंधन एवं किया जायेगा एवं आवश्यकता अनुसार बच्चों को CHC अथवा जिला स्तर पर रिफर किया जायेगा। साथ ही सभी आशाओं को एनिमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त शासकीय स्कूलों में कम से कम तीन माह का आयरन टेबलेट का स्टॉक रखने के लिए निर्देशित किया गया। बीईई प्रमोद तंतुवाय द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण माह के दौरान आशाओं के माध्यम से समुदाय में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत परिवार कल्याण के स्थायी अस्थाई साधनों को अपनाने के लिए समुदाय को प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया गया। उक्त प्रशिक्षण मेंआशा कार्यकर्ता आशा सुपरवाइजर की उपस्थिति रही।

## नशे के दुष्परिणामों से कराया अवगत



**बटियागढ़।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरवना में नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बटियागढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और कहा कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव के लिए छात्रों को सतर्क रहने की सलाह दी तथा किसी को भी ओटीपी, बैंक डिटेल या निजी जानकारी साझा न करने के निर्देश दिए। सुधीर कुमार ने यातायात नियमों का पालन करने और किसी के बहकावे में न आने की बात कही। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने परिवार एवं गांव का नाम रोशन करें। साथ ही पुलिस को मित्र मानें और किसी भी परेशानी में खुलकर बात करें। कार्यक्रम में प्रधान आरक्षक ऋषव जैन, स्कूल प्राचार्य श्रीमती सीमा कुडेरिया, पी.डी. खरे, अमृतलाल अहीरवाल, राजकुमार चौरसिया, मुकेश कुमार दुबे सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विहिप बजरंग दल प्रखंड हटा की बैठक संपन्न



**हटा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल हटा प्रखंड की बैठक नगर के श्रीराम मन्दिर में जिला मंत्री शम्भू विश्वकर्मा, जिला संयोजक गोलू चौबे, बल उपासना प्रमुख रोहित वाल्मीकि, सुरक्षा प्रमुख दीपक पटेल द्वारका मिश्रा (पूर्णकालिक) की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री द्वारा सेवा सुरक्षा संस्कार संगठन के ध्येय वाक्यों को लेकर संगठन के कार्य और आगामी होने वाले कार्यों की सभी को जानकारी दी गई संगठन विस्तार को लेकर हटा नगर समिति के नामों की घोषणा की गई। जिसमें नगर अध्यक्ष भारत राय, नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजपूत, नगर मंत्री, रविंद्र सिंह राजपूत, नगर संयोजक पुष्पराज सिंह राजपूत, सह संयोजक राजा तंतुवाय, मयंक राय, गौरक्षा प्रमुख सचिन गुप्ता, सह सुरेश यादव, सुरक्षा प्रमुख दीपक यादव, सह कमल रैकवार, विद्यालयीन प्रमुख ईशु बर्मन, सह सौरभ दुबे, बलउपासना प्रमुख नितिन पाल, सह नीरज गोस्वामी, सत्संग प्रमुख प्रियांशु प्यासी, सह अर्जुन प्रजापति, को बनाया गया। जिला संयोजक द्वारा बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा की जानकारी दी गई। बैठक में प्रखंड, खंड, ग्राम समितियों की उपस्थिति रही बैठक में उपस्थित प्रखंड उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजपूत, प्रखंड मंत्री पप्पू कुशवाह, प्रखंड संयोजक अजय चौरसिया, सहसंयोजक बहादुर सिंह, प्रखंड बल उपासना प्रमुख दीपक लखेरा, बबलू राय आशीष नामदेव, प्रदीप साहू, बालमुकुंद साहू के साथ अधिक संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के पदाधिकारी कार्यकर्ता बंधुओं की उपस्थिति रही सभी नवीन दायित्ववान पदाधिकारीयों को बधाई दी।

## शिव महापुराण की कथा श्रवण मात्र से ही महापापी देवराज का उद्धार हो गया - पं रवि शास्त्री महाराज

**दमोह।** स्थानीय नंदीश्वर महादेव मंदिर नंदी वन में आज से नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा प्रारंभ हुई कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि शिव पुराण के सुनने मात्र से ही अनंत जन्मों के पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं एवं जीवात्मा को शिवलोक की प्राप्ति होती है उन्होंने बताया कि शिवजी बड़े ही कृपालु हैं वह भक्तों पर निश्चित ही कृपा करते हैं शिवपुराण में देवराज ब्राह्मण की कथा है, जिसमें बताया गया है कि कैसे एक पापी भी शिवपुराण सुनने मात्र से शिवलोक को प्राप्त हो जाता है देवराज नाम का एक ब्राह्मण, जो बहुत ही पापी था, एक बार बीमार पड़ने पर एक शिवालय में ठहर गया, जहां एक ब्राह्मण शिवपुराण की कथा सुना रहे थे देवराज उस कथा को सुनता रहा, और एक महीने बाद उसकी मृत्यु हो गई यमदूत उसे यमलोक ले जाने लगे, लेकिन शिव के पार्षदगण आए और उसे शिवलोक ले गए। देवराज पापी था, जो धन कमाने के लिए छल-कपट करता था और कभी भी धर्म के काम में धन नहीं लगाता था एक बार बीमार पड़ने पर वह एक शिवालय में ठहर गया, जहां एक ब्राह्मण शिवपुराण की कथा सुना रहा थे देवराज बुखार से पीड़ति होने के बावजूद उस कथा को सुनता रहा एक महीने बाद उसकी मृत्यु हो गई यमदूत उसे यमलोक ले जाने लगे लेकिन शिव के पार्षदगण आए और उसे यमदूतों से छुड़ाकर शिवलोक ले गए शिवपुराण सुनने मात्र से ही मनुष्य के सारे पाप धुल जाते हैं और उसे शिवलोक की प्राप्ति होती है। कथा में यह भी बताया गया है कि भगवान शिव की कृपा कितनी महान है और शिवपुराण सुनने वाले पर उनकी विशेष कृपा होती है।

# नशे से दूर रहने के लिए विद्यार्थियों को दिलाया संकल्प

**तारादेही हाईस्कूल में कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी ने कहा : नशा परिवार और समाज को प्रभावित करता है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा/तारादेही




नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत 15 से 30 जुलाई तक चलने वाले नशामुक्ति जागरुकता पखवाड़े के तहत शुक्रवार को तारादेही हायर सेकंडरी स्कूल में अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें तेन्दूखेड़ा एसडीओपी डीएस ठाकुर तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरुपुडे एवं सिंग्रामपुर थाना प्रभारी राजीव पुरोहित की मौजूदगी में स्कूली बच्चों को जागरुक किया गया। एसडीओपी डीएस ठाकुर ने विद्यार्थियों को नशे को नशा की जड़ बताते हुए सभी को इससे दूर रहने प्रेरित किया। साथ ही इससे होने वाली आर्थिक सामाजिक व स्वास्थ्यगत क्षत्रियों से अवगत कराया उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसा अंधकार है जो न केवल व्यक्ति के जीवन को नष्ट कर देता है। बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी अपने आगोश में ले लेता है। थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने कहा कि नशा एक अभिशाप है जो न केवल परिवार और समाज को बल्कि पीढ़ियों को भी बर्बाद कर देता है। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को जागरुक करते हुए इस बुराई को जड़ से खत्म करने का संकल्प दिलाया। तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरुपुडे ने नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशे की आदत से कैसे बचें सावधान रहने को लेकर विस्तार से जानकारी दी प्राचार्य एच एन मरावी ने कहा कि दैनिक जीवन में और अपने आसपास नशे से होने वाले सामाजिक नुकसान के प्रति सजग किया गया इस दौरान पुलिस स्टाप और विद्यालय के शिक्षक छात्र छात्राएं मौजूद थी।

## पंचायत उप निर्वाचन 2025 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न, दिए गए अहम दिशा निर्देश

**दमोह।** राज्य निर्वाचन अयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) संपन्न कराये जाने हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है, इस संबंध में उप निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने बताया कि जनपद पंचायत हटा के रिक्त वार्ड क्रमांक-06 कें 01 जनपद पंचायत सदस्य पद का निर्वाचन में इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेन्ट सिस्टम (पेपरलेस प्रक्रिया) से निर्वाचन संपन्न कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होनें बताया कि आयोग दल द्वारा 15 एवं 16 जुलाई को निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की है और निर्वाचन के सफल संचालन एवं तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में 18 जुलाई को प्रातः 11 बजे से किया गया, बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर नें सभी संबंधित विभागो और अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा है। बैठक में सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, एडीशनल कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, एडीशनल एस.पी सुजीत सिंह भदौरिया, एस.डी.एम राकेश सिंह मरकाम सहित संबंधित विभागो के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# निःशुल्क साइकिल वितरण का आयोजन...

**दमोह।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलौन में शासन के निर्देशानुसार निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत पात्र छात्रों को निशुल्क साइकिल का वितरण माननीय अध्यक्ष जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा तुलाराम यादव के कर कमल द्वारा संपन्न हुआ जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। साथ ही पात्र बच्चे निशुल्क साइकिल पाकर प्रसन्न हुए इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ में विद्यालय प्रभारी प्राचार्य अशोक साहू अन्य शिक्षकों में रूप सिंह ठाकुर, प्रेम सिंह ठाकुर ,गुड्डू प्रसाद ,दिनेश जैन सीताराम परस्ते ,सुदीप जैन, यश कौशल एवं समस्त अतिथि शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## शिव मंदिर में चल रहा असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण

**दमोह।** श्रावण मास के पावन पर्व मैं श्री शिव हनुमान मंदिर जेल लाइन दमोह मैं चल रहे है। असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण के अष्टम दिवस में शुक्रवार को अनेकों शिव भक्तों के साथ आठवें दिन के मुख्य यजमान महेश तिवारी जी ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक पूजन के साथ कमल के पुष्पों से शिव जी का सहस्त्रार्चन किया। रुद्राभिषेक के मध्य मन्दिर पुजारी आचार्य संजय गौतम जी ने कमल के पुष्पों से शिवार्चन करने की शिव भक्तों को महिमा का वर्णन किया। शिवपुराण के अंतर्गत एक बार जब देवताओं पर राक्षसों का अत्याचार बढ़ गया तो सभी देवता अपनी रक्षा हेतु विष्णु भगवान के पास पहुंचे तो भगवा विष्णु ने शिवजी की प्रसन्नता हेतु 1008 कमलपुष्पों से शिव जी का सहस्त्रार्चन किया एवं घोर तप किया। जब भगवान विष्णु स्वम् कमल पुष्पों को चुनकर लाय तो शिव जी ने विष्णु जी की परीछा हेतु 1 कमल पुष्प को अपनी माया से चुरा लिया। जब विष्णु जी को पूरे ब्रह्मांड में एक कमल पुष्प नही मिला तो उन्होंने अपना एक नेत्र शिव जी को अर्पण कर दिया। शिव जी ने प्रसन्न होकर विष्णु जी को वरदान मैं सुदर्शन चक्र प्रदान किया देवताओं की रक्षा हेतु।

जनपद उपाध्यक्ष व उनके साथियों पर आरोप, विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज

# पटेरा जनपद पंचायत में सीईओ के चेंबर में तोडफोड, कर्मचारियों में दहशत

### पटेरा जनपद पंचायत एक बार फिर सुर्खियों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा





पटेरा जनपद पंचायत एक बार फिर चर्चाओं में है। गुरूवार की शाम जनपद पंचायत में बने सीईओ के चेंबर में तोडफोड कर उनकी नेम प्लेट भी निकाल कर फेंक दी गई। जनपद सीइओ हलधर मिश्रा ने बताया कि गुरूवार को शाम पांच बजे तक वह अपने कार्यालय में रहे। शाम 6.30 बजे दमोह में व्हीसी एवं सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा में शामिल होने में दमोह रवाना हो गया। जहां उन्हे फोन पर सूचना मिली कि उपाध्यक्ष राजेश पटेल ने उनके चेंबर में तोड फोड कर मुझे अन्य जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों को गाली गालौच की है। चूंकि बारिश होने व कर्मचारियों की स्थिति को देखते हुये में आज शुक्रवार को सुबह आया तो मेरे चेंबर का कांच फूटा, टेबिल उल्टी पड़ी व नेम प्लेट भी नीचे पडी थी। रिकार्ड, फाईल व बेटरी नदारत मिली। मुझे रिकार्ड न मिलने से गंभीर क्षति लग रही है। जनपद कर्मचारियों ने कार्य बंद कर बाहर अपना आशियाना जमा लिया। सूचना पा कर थाना प्रभारी सरोज ठाकुर निरीक्षक जनपद कार्यालय पहुंची निरीक्षण कर पंचनामा तैयार कराया। पुलिस ने सीईओ हलधर मिश्रा व पंचायत निरीक्षक के आवेदन पर जनपद उपाध्यक्ष राजेश पटेल व उनके चार पांच साथियों पर प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी सरोज ठाकुर ने बताया कि पंचायत निरीक्षक के आवेदन पर जनपद उपाध्यक्ष व जुगल कुर्मी एवं चार अन्य के विरूद्ध बीएनएस 2023 की धारा 191(02), 190, 132, 324(4), 296 एवं सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 को धारा 3 5 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। पटेरा जनपद के पूर्व अध्यक्ष बद्री पटे जिनके नाम भी गाली गलौच की गई। वह भी सक्रियता से पूरे समय हकर गलत का विरोध करने की बात कहते रहे। उपस्थित जनपद सदस्य व कर्मचारी सभी इस तरह से अपने अधिकारी के साथ खड़े नजर आये। हालांकि सीईओ साहब जनपद उपाध्यक्ष की इस नाराजगी के पीछे का सही कारण नहीं बतला पाये एवं अनभिज्ञता प्रकट करते रहे। सीईओ ने कहा कि कर्मचारियों ने ऐसे भय के माहौल में उनसे सुरक्षा मांगी है। यही बात लेकर जिलाधीश महोदय, पुलिस अधीक्षक महोदय के पास जाकर उनसे सुरक्षा की मांग करेंगे।

चालक एक घंटे तक कार में फंसा रहा, लोगों की मदद से निकाला, जबलपुर रेफर

# बंदर को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई



**तेन्दूखेड़ा।** शुक्रवार को तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर रफ्तार का कहर देखने को मिला है जहां हरे भरे जंगल से गुजरे इस मार्ग पर बंदर को बचाने के चक्कर में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई कार की रफ्तार इतनी तेज की कार चालक कार के अंदर ही फंसकर रह गई जिसके बाद ट्रैक्टर और लोगों की मदद से एक घंटे मशक्कत कर बाहर निकाला जा सका है लेकिन कार चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार बोलेरो कार क्रमांक MP20 ZS 1537 जो तेंदूखेड़ा से माडनखेड़ा ग्राम जा रही थी लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में मामा भानेज घायल हुए हैं जिनको 108 की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था लेकिन दोनों को जबलपुर रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार की दोपहर साढ़े 3 बजे मुख्यालय से 10 किमी दूर दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर पांजी से 1 किमी दूर यह हादसा हुआ है। जहां पर बोलेरो कार सवार लोग तेन्दूखेड़ा से अपने घर माडनखेड़ा जा रहे थे लेकिन सड़क पर बैठे व घूम रहे बंदरों को बचाने के चक्कर में यह हादसा हो गया। कार पेड़ से टकरा गया हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और टकराने के बाद कार पेड़ से चिपक कर रह गई। कार चालक बुरी तरह फंस गया वहां से गुजर रहे राहगीर द्वारा पांजी ग्राम पहुंचकर घटना की सूचना लोगों की दी जहां गांव के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने का प्रयास किया गया लेकिन एक व्यक्ति को बाहर निकाल लिया गया। लेकिन कार चालक बुरी तरह पेड़ और कार के बीच फंस गया जिसके बाद गांव के लोग दो ट्रैक्टरों लेकर पहुंचे और लोगों की मदद से बाहर निकालने का प्रयास किया गया। जिसके बाद एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद घायल को निकलकर 108 की मदद से स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से जबलपुर रेफर किया गया है।

### मामा भानजे हैं घायल जबलपुर रेफर

वहीं घटना के बाद घायलों को 108 की मदद से इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां से दोनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है इस हादसे में घायल दोनों मामा भानजे है जो कुछ कार्य के चलते तेन्दूखेड़ा आए थे अपना काम निपटाकर वापस घर जा रहे थे लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया इस हादसे में घायल हुए लोगों में राजू सिंह पिता राजकुमार सिंह लोधी उम्र 38 निवासी माड़नखेड़ा और जितेन्द्र पिता जुगराज सिंह लोधी उम्र 38 वर्ष निवासी माडनखेड़ा है हादसे में जितेन्द्र लोधी हालत नाजुक बनी हुई है जिसका इलाज जबलपुर में मेडिकल कॉलेज चल रहा है। वहीं घटना के बाद दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर दोनों और वाहनों की लबी लाइन लग गई जिसके चलते राहगीर ओर बसों और अन्य वाहनों से सफर कर रहे लोग एक घंटे तक दोनों ओर फंसे रहे।

लगातार संख्या बढ़ने के बाद शासन प्रशासन के अधिकारी हुए अलर्ट, एसडीएम सहित सीएमओ ने वार्डों का किया निरीक्षण

# दमोह में पीएचई की लैब टेस्टिंग में दूषित निकाला पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर में दूषित पानी की वजह से एक युवक की मौत होने के बाद सैकड़ो लोगों को डायरिया की शिकायत होने पर, तबियत खराब होने पर जिनमें महिला, पुरुष, बच्चे शामिल हैं। सूत्रों के हवाले से मिली खबर के अनुसार पीएचई विभाग में जो सैंपल गुरुवार को लैब भेजे गए थे उस जांच में पानी दूषित पाया गया है जिसे नगर परिषद टीडीएस एवं लैब जांच में सही बता रही थी अभी भी ऐसे पानी को पीने से गंभीर हालत होने पर शासकीय एवं निजी अस्पतालों द्वारा दमोह, जबलपुर रेफर किया जा रहा है लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या एवं नगर वासियों के आक्रोश को देखकर कुंभकर्णी नींद से प्रशासन चार दिन बाद गुरुवार से हरकत में आ गया है इसके बाद गुरुवार को नगर के वार्डो का भ्रमण कर प्रशासन के अधिकारियों ने पानी सप्लाई की संरचना एवं नालियों में फंसे लीकेज, पानी की टेस्टिंग पीएचई विभाग से करवाने सहित जल लाइन पाइपों का निरीक्षण एवं घर घर जाकर लोगो से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई।

### एसडीएम ने गंदगी देख लगाई फटकार

वहीं कई जगह गंदगी का आलम देख कर एसडीएम ने जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई और दिशा निर्देश दिये है सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है कि चार दिन को हो जाने के बाद प्रशासन के अधिकारियों ने लोगों की सुध ली हालांकि स्वास्थ्य अमला खबर प्रकाशित होने के बाद से ही वार्डो में घर-घर जाकर दबाई ,ओआरएस वितरित कर रहा है।

### अधिकारियों ने किया निरीक्षण देखी गंदगी

सैकडो की संख्या में मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य निजी अस्पताल में पहुंच रहे हैं जिसके चलते गुरुवार को जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन मै एसडीएम सौरव गंधर्व, सीवीएमओ डॉक्टर अशोक बरोनिया तहसीलदार विवेक व्यास ,सीएमओ पीयूष अग्रवाल एवं कर्मचारीयो ने वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 का निरीक्षण किया जहां पर नालियों में गंदगी, वार्डो में कचरा , जल सप्लाई की पाइप लाइन लीकेज, नालियों में पाइप लाइन, गंदगी में पाइप लाइन होना पाया गया। लाईने कई जगह लीकेज पाई जिसमै गंदा पानी प्रवेश करता है जिससे भी लोग बीमारी से ग्रस्त हैं नगर परिषद की गलती के लिए कुछ जगह लोगों को ही जिम्मेदार ठहराया गया और व्यक्तिगत स्वच्छता का हवाले देकर लोगों से स्वच्छता की अपील की उनका कहना था कि हमारे स्वास्थ्य के लिए हम स्वतः जिम्मेदार हैं सबसे पहले हमें स्वच्छता बनाए रखना है इसके साथ ही उन्होंने नगर परिषद के अधिकारी को भी स्पष्ट दिशा निर्देश दिए की वार्डो में साफ सफाई तत्काल करवाये।

### दूषित पानी की सप्लाई से बिगडी है तबीयते- वार्डवासी

प्रशासन एवं प्रशासन की नुमाइंदे अपनी गलती को स्वीकार नहीं करना चाहते गलती को छुपाने के लिए किस कदर झूठ भी बोल रहे हैं। क्योंकि उनकी नौकरी का सवाल होता है, बड़े अधिकारी तो किसी प्रकार से बच जाते हैं लेकिन गाज गिरती है तो छोटे कर्मचारियों पर है इसलिए उनका कहना भी लोग उचित मान रहे हैं। हालांकि झूठ तो झूठ है ऐसा वार्ड वासियों का कहना है। जहां एक और वार्ड वासियों ने कुएं से दूषित पानी सप्लाई किए जाने की बात कही थी उसके बाद प्रशासन के द्वारा पानी की टीडीएस जांच एवं लैब जांच करवाई। जांच में किसी प्रकार का पानी दूषित नहीं पाया गया ऐसा प्रशासन के अधिकारियों का कहना है। जिस कुएं के पानी पीने से लोग बीमार पड़ने का आरोप लगा रहे हैं। उसे कुएं से तीन दिन पहले जल सप्लाई रोक दी गई है एवं सीधे बोरवेल की लाइन से सप्लाई शुरू की गई है लेकिन एक व्यक्ति की मौत हो जाने के बाद प्रशासन की अनुमान दे भी अपनी बात से पलट रहे हैं। जब इस संबंध में जलप्रदाय प्रभारी रामकुमार याद्व से बात की गई तो उन्होंने कहा की 10 दिन से कुएं से सप्लाई नहीं की जा रही है। जबकि हकीकत में जैसे ही उल्टी दस्त से लोगों की संख्या बढ़ने लगी तो मंगलवार से सप्लाई रोकी गई है। जो वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 के लोगों द्वारा मांग की जा रही थी।

### सप्लाई में आ रहा दूषित पानी एवं गंदा पानी

अधिकारियों ने वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 का जहां सबसे ज्यादा उल्टी दस्त की मैरिज निकाल कर सामने आ रहे हैं जायजा लिया इसके अलावा भी नगर के वार्ड क्रमांक 8 10 एवं 11 में गंदा पानी लोगों को प्राप्त हो रहा है लेकिन अधिकारियों ने अभी उनकी सुध नहीं ली है।

### व्यवस्थाओं के लिए एसडीएम ने दिए दिशा निर्देश

गुरुवार को वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 का निरीक्षण करने के बाद एसडीएम ने अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं जिसके तहत पेटदर्द ,उल्टी ,दस्त होने पर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अलग से हाल में 30 पलंग की व्यवस्था की गई है। नगर परिषद एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं। 24 घंटे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अधिकारी मरीज का उपचार करेंगे इसके अलावा नगर परिषद सीएमओ को बोला गया है कि जहां जहां नर्मदा जल नहीं पहुंच रहा है वहां लाइन डलवाने की कोशिश करें ताकि नगर में एक समान पानी नगर वासियों को मिल सके।

### इनका कहना है

नगर परिषद के सीएमओ पीयूष अग्रवाल का कहना है कि एसडीम के साथ वार्ड क्रमांक 3 और 4 का निरीक्षण किया गया है जिसमें कई जग 10 से 20 साल पुराने पाइप लगे हैं। उन्हें हटवाकर नये पाइप लगवा रहे हैं जिन नलों में टोटी नहीं लगी है उन नलों में टोटी भी लगवाएंगे इसका सर्वे हम करवा रहे हैं। साथ ही हम जहां नर्मदा लाइन के पानी की सप्लाई नहीं हो रही है ऐसे वार्डों में नर्मदा लाइन से पानी पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# पान व्यवसाय को विलुप्त होने से बचाने प्रयास करेंगे -सांसद



**सासंद दमोह श्री लोधी ने हिंडोरिया में पान के व्यवसाय से जुड़े चौरसिया समाज के प्रतिनिधियों से की चर्चा**

**दमोह।** सासंद दमोह राहुल सिंह लोधी ने आज हिंडोरिया (ग्रह नगर) में पान के व्यवसाय से जुड़े चौरसिया समाज के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। सासंद श्री लोधी ने कहा मुझे प्रसन्नता हैं हिंडोरिया देशी पान और कटक पान की खेती के लिए प्रसिद्ध है। इस व्यवसाय से जुड़े किसानों से चर्चा कर आ रही चुनौतियों के बारे में उन्होंने कहा जल्दी ही उद्यानिकी विभाग और वैज्ञानिकों के साथ बैठक कर योजना और आ रही चुनौतियों के रास्ते निकाल कर इस व्यवसाय को विलुप्त होने से बचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा उन्हें गर्व है कि पान हिंडोरिया की पहचान है और इसको बचाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। इस सार्थक चर्चा में आये सभी किसान बंधुओं का आभार। चौरसिया समाज के प्रतिनिधियों ने बताया हिंडोरिया के पान की मिर्जापुर, प्रयागराज, जबलपुर, सागर, सतना और लखनऊ में बहुत मांग हुआ करती थी।

# हरदा में हुए लाठी चार्ज की निष्पक्ष जांच हेतु करणी सेना ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** बीते 12 जुलाई 2025 को मध्य प्रदेश के हरदा जिले में करणी सैनिकों एवं राजपूत समाज की छात्रावास में मातृशक्ति पर बेवजह लाठी चार्ज करने वाले पुलिस प्रशासन के खिलाफ कार्यवाही एवं निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर आज करणी सेना परिवार दमोह जिला अध्यक्ष नितिन सिंह तोमर एवं संभागीय महामंत्री निहाल राजपूत के नेतृत्व में सर्व समाज को साथ लेकर मुख्यमंत्री के नाम दमोह कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें अनेक बिंदुओं को लेकर बात रखी गई है मांगो में प्रमुख रूप से पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच कराई जाए, जांच पूर्ण होने तक हरदा जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को प्रशासनिक दायित्व से हटाया जाए, जीवन सिंह शेरपुर पर हमला करने वाले पुलिस अधिकारियो पर भारतीय दंड संहिता 307 हत्या के प्रयास के अंतर्गत मुकदमा दर्ज हो, छात्रावास एवं आम नागरिकों के साथ की गई बर्बरता एवं गाड़ियों की तोड़फोड़ करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की जाए, संविधान के अनुच्छेद (19) 1A के अंतर्गत शांतिपूर्ण प्रदर्शन की रक्षा की जाए,हरदा प्रकरण में जिन भी निर्दोष लोगों पर मामला पंजीबद्ध किया गया है उन्हें तत्काल समाप्त करते हुए जिला अध्यक्ष सुनील राजपूत एवं उनके साथी जिनको अभी तक हिरासत में रखा गया है उनको तत्काल रिहा किया जाए, जिस प्रकार हरदा की छात्रावास में घटना घटित हुई है भविष्य में कहीं और ऐसी घटना घटित ना हो यह सुरक्षित किया जाए शायद अनेक मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष नितिन सिंह तोमर ने कहा कि क्षत्रिय समाज के करणी सैनिकों को लाठियां बरसाई गई है जो की पूर्णतया गलत है राजपूत समाज की छात्रावास में हमारी बहन बेटियों को प्रताड़ित किया गया है। ब्राह्मण समाज के नेता मनु मिश्रा ने कहा कि क्षत्रियों ने हमेशा हम सभी के मान-सम्मान की रक्षा की है आज जब उनको हमारी आवश्यकता पड़ी है तो हम सभी समाज के लोग उनके साथ खड़े हैं मुख्यमंत्री जी से आग्रह है निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों को दंड देने का काम करें। इस दौरान विशेष रूप से जिला अध्यक्ष नितिन सिंह तोमर, संभाग महामंत्री निहाल राजपूत ,कृष्णा पटेल, धर्मवीर राजपूत, अरविंद पाठक, तुलसीराम तिवारी, रोहित जैन, हेमंत आठिया, अतिशय जैन, बाबू शर्मा, पारस रजक, विश्वजीत परिहार, कुमार सोलंकी, घन्नू राजपूत,मनु मिश्रा , राम मिश्रा, मनोज देवलिया, गिरीश मिश्रा,पवन रजक, विशाल राजपूत, शिवराज सिंह राजा राय, मदन रैकवार , रोशन रैकवार, राकेश रैकवार,अंबर मिश्रा, श्रवण पाठक, अभिलाष करी, सौरभ दुबे, शांतनु मिश्रा, दीपक शर्मा, अरुण दुबे, प्रदीप राजपूत, अमन राजपूत कृष्णा राजपूत, करतार तोमर , टिंकू तोमर, विकाश राजपूत, दीपक राजपूत, राम गौतम, केशव बना, बागी बना,सुशील राजपूत, भैयान राजपूत,श्रवण पाठक ,राहुल राजपूत सहित सर्व समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# प्रेम की परिभाषा और आदर्श जीवन पर चलना हमें रामायण सिखाती है : राधिका वैष्णव जी



**नरसिंहगढ़।** ग्राम नरसिंहगढ़ में श्री राम मंदिर पर चल रही नव दिवसीय श्री राम कथा में चित्रकूट धाम से पधारी पूज्य योगाचार्य राधिका वैष्णव जी ने कथा श्रवण कराते हुए कहां भारत के जैसा श्री राम के प्रति प्रेम और आदर्श के बारे में बताते हुए कहा की भरत चरित्र सुनने से हमारे ह्रदय में प्रेम और आदर्श स्थापित होता है। श्री राम कथा में पूज्य योगाचार्य राधिका वेष्णव जी ने बताया भगवान श्री राम को वनवास की कथा श्रवण कराई जिसमें भगवान ने सुमंत्र जी के साथ चले और आगे केवट प्रसंग भरत चरित्र आदि प्रसंग श्रवण कराए जिसमें भारत जी द्वारा श्री राम को महाराज दशरथ की मृत्यु का समाचार प्राप्त हुआ महाराज दशरथ ने राम-राम कहि राम राम कही राम-राम कहते अपना प्राण त्याग दिया और बनवास की कथा श्रवण करते हुए सभी भक्त मंत्र मुक्त हुए जिसमें पूज्य महंत जी श्री मधुसूदन नागा जी ने भक्तों से अपील की की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित है। हो जिसमें श्रोता उपस्थित रहे। पंडित अशक्त पार्थिक शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक करने से सभी कष्ट दूर हो जाते है। पूज्य मधुसूदन जी ग्राम नरसिंहगढ़ में श्री राम मंदिर पर नव दिवसीय पार्थिक शिवलिंग निर्माण प्रातः सुबह 8:00 से 2:00 बजे तक पूजन अभिषेक होता है जिसमे भक्तों की संख्या अधिक रही। इस क्रम में मधुसूदन नागा जी ने बताया कि भवाई मेट सके त्रिपुरारी सावन मास में पथिक शिवलिंग बनाकर अभिषेक करने से हमर बड़े से बड़ा कष्ट दूर हो जाता है जिसमें बनारस से पधारे आचार्य द्वारा पूजन अभिषेक कराया जाता है जो 19 जुलाई तक चलेगा। सभी भक्त अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर अनिल पाठक, संदीप मिश्रा, बबलू शर्मा, बृजेश मिश्रा, नंदू मिश्रा देवेंद्र गुप्ता, रविंद्र सिंह, अतुल साहू समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म का 9 साल से फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**बटियागढ़।** थाना बटियागढ़ पुलिस ने नौ वर्षों से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार आरोपी बकील उर्फ हमीद खान पिता मुहर्रम खान (उम्र 29 वर्ष), निवासी बीड़ी कॉलोनी बटियागढ़, वर्ष 2016 में दर्ज दुष्कर्म के मामले में लगातार फरार था। प्रकरण क्रमांक 222/2016 धारा 363 भादंवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। उस समय पुलिस ने एक अन्य आरोपी मुस्ताक खान को गिरफ्तार किया था, जबकि बकील की तलाश जारी थी। हाल ही में थाना प्रभारी सुधीर कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अपने घर आया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुधीर कुमार के साथ उपनिरीक्षक शेष कुमार दुबे, एसआई सुदेश आदर्श, आरक्षक तुलसीराम, नरेंद्र सींग, विशाल सेनी एवं राजेंद्र सिंह शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर वैधानिक प्रक्रिया पूरी की।

## 8 पेटी शराब पकड़ी

**दमोह।** मगरोंन थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी पर बड़ी कार्यवाही की है, रात्रि गश्त भ्रमण के दौरान पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों से 8 पेटी देशी शराब जब्त की, जब्त शराब की कीमत करीब 42 हजार रुपए बताई गई है। मगरोन थाना प्रभारी बी.एल पटेल ने बताया कि बाइक सवार तस्कर शातिर तरीक़े से प्लास्टिक के थैलियों में शराब परिवहन कर रहे थे, पुलिस ने सुनवाहा नाले के पास बाइक सवार मीनेश लोधी और रामसिंग लोधी को हिरासत में लेकर इनके कब्जे से 8 पेटी देशी शराब पकड़ी, दोनो आरोपियों पर आबकारी एक्ट 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस कार्यवाही जारी है।

## सरपंच की गुहार नाले से अतिक्रमण तत्काल हटाया जाए

**बनवार।** बांदकपुर के सरपंच सुनील डाबुलिया के साथ ग्रामवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में नालों पर अतिक्रमण हटाने की मांग की। नाले पर अतिक्रमण होने की वजह से पिछले वर्ष 9 सितंबर 2024 को बांदकपुर में भीषण बाढ़ आई थी, जिसमें बाजार चौक सहित हरिजन बस्ती में 3 से 4 फीट पानी भर गया था और अस्पताल भी डूब गया था। सरपंच ने बताया कि नाला विलुप्त कर शासकीय अस्पताल की जमीन पर नाला खोदकर मूल नाले की जमीन पर अतिक्रमण करके पक्की दुकानें बनाई गई हैं। कई वर्षों से कई बार शिकायतों के बाद तहसीलदार और एसडीएम के अतिक्रमण हटाने के आदेश के बावजूद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। बांदकपुर सरपंच सुनील डाबुलिया ने प्रशासन से तत्काल अतिक्रमणकारियों द्वारा अस्पताल के सामने नाला पर पक्के निर्माण दुकानों को हटाकर नाला को खाली कराने की मांग की है, जिससे आने वाले समय में भीषण बाढ़ आने से रोकी जा सके और होने वाली हानि से बचा जा सके।

**नाम सुधार सूचना**

मैं मीना सूर्यवंशी उम्र 45 वर्ष पति श्री अक्षेद्र सूर्यवंशी निवासी- नया बाजार नं. 4 दमोह तहसील व जिला दमोह हूं। यह कि मेरी बैंक खाता पासबुक एवं मेरे पूर्व के आधार कार्ड में भी मेरा नाम मीना सूर्यवंशी दर्ज है तथा मतदाता परिचय पत्र में मेरा नाम मीना दर्ज है व परिवार समग्र आईडी में मीना उर्फ दंययती उर्फ लता नाम दर्ज है व पेन कार्ड में मीना दंययती सूर्यवंशी दर्ज है व वर्तमान आधार कार्ड में मेरा नाम दंययती सूर्यवंशी दर्ज है व अंकसूचियों में दंययती नाम दर्ज है। यह कि दययती सूर्यवंशी उर्फ मीना दंययती सूर्यवंशी उर्फ मीना सूर्यवंशी उर्फ मीना उर्फ दंययती उर्फ लता सभी मेरे ही नाम है जो सही व सत्य नाम है तथा मैं सभी नामों से जानी पहचानी जाती हूं। अत: आज दिनांक से मुझे अपने एक नाम मीना सूर्यवंशी पति अक्षेद्र सूर्यवंशी के नाम से जाना पहचाना जावे एवं इस हेतु यह शपथ पत्र एवं सूचना प्रकाशित है।

स्थान- दमोह

सही नाम - मीना सूर्यवंशी